# आज रात 10 बजे ही बंद करने होंगे होटल और रेस्टोरेंट, हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की रहेगी नजर

रतलाम। शहर में नए साल का जश्न रात 10 बजे तक ही मनाया जा सकेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि कोरोना के खतरे को देखते हुए जिले में रात्रिकालीन कर्फ्यू जारी है। नए साल के सेलिब्रेशन के लिए होटल और रेस्टोरेंट 31 दिसंबर की रात 10 बजे तक ही खुले रह सकेंगे। रात 11 बजे के बाद बेवजह घूमने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। नए साल का स्वागत लोगों को अपने-अपने घरों में रहकर ही करना होगा।



दरअसल मध्य प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए नए साल के उपलक्ष में होने वाले सभी आयोजनों को रात 10 बजे तक ही आयोजित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। रतलाम शहर में सभी होटल और रेस्टोरेंट रात 10 बजे तक ही खुले रह सकेंगे। सड़क पर बेवजह घूमने वालों और नए साल पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई करेंगी। सड़कों पर ओवर स्पीड से वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेंगी।

31/12/21

**नाला निर्माण** • शहर के दो प्रमुख मार्गों पर नगर निगम द्वारा क्रॉस ड्रेन नालों का निर्माण किया जा रहा

# प्रॉपर प्लानिंग नहीं होने से जो काम 15 दिन में होना था, निगम की लापरवाही से वो एक महीने में पूरा नहीं हुआ

## शहर के दूसरे रास्तों पर बढ़ गया ट्रैफिक दबाव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के दो प्रमुख मार्गों पर नगर निगम द्वारा क्रॉस ड्रेन नालों का निर्माण किया जा रहा है। एक तोपखाना क्षेत्र और दूसरा सायर चबूतरा। दोनों प्रमुख बाजार है। इसके बावजूद काम इतना धीमी गति से चल रहा है कि जो काम 15 दिन में पूरा होना था। वो एक महीने में पूरा नहीं हो पाया। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। रास्ते बंद होने से जनता को अन्य मार्गों से गुजरना पड़ रहा है। इससे अन्य रूटों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इससे अन्य रूटों पर जाम लग रहा है और रोजाना वाहन चालक फंस रहे हैं। बावजूद इसके किसी भी अफसर का ध्यान इस ओर नहीं है।

### गलती 1: बड़े पाइप डाल दिए, रोड ऊंचा हुआ तो खुदाई कर छोटे पाइप डाले



ये तस्वीर सायर चबूतरा क्षेत्र की है। पानी की निकासी के लिए निगम द्वारा यहां क्रास ड्रेन का निर्माण कर रहा है। खुदाई कर पहले यहां बड़े पाइप डाल दिए। इसके बाद काम पूरा हुआ तो पता चला कि रोड ऊंचा हो गया। इससे फिर खुदाई कर बड़े पाइप को निकाला और फिर छोटे पाइप डाले। इससे 15 दिन के काम के लिए एक महीना लग गया। खास बात तो यह कि निगम के इंजीनियरों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। इससे काम अधूरा है और लोग रोज परेशान हो रहे हैं और आज भी उन्हें अन्य मार्गों से गुजरना पड़ रहा है। इससे पोरवाड़ों का वास, घास बाजार, चौमुखीपुल सहित अन्य मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है और जाम की स्थिति बन रही है। लेकिन अफसरों को लोगों की चिंता नहीं है

### गलती 2: एक साथ ना करते हुए टुकड़ों में किया काम, दो माह से जारी है दिक्कत



ये तस्वीर हरदेवलाला पीपली- तोपखाना रोड की है। क्रास ड्रेन निर्माण के लिए यहां एक साथ काम शुरू ना करते हुए दो टुकड़ों में निर्माण शुरू किया। पहले हिस्से के निर्माण के लिए दो महीने पहले खुदाई की। लेकिन खुदाई के बाद ठेकेदार ने एक सप्ताह तक निर्माण नहीं किया। ठेकेदार तो लापरवाह रहा। साथ ही निगम के अफसर भी लापरवाह रहे उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया। इससे समय पर काम शुरू नहीं हुआ। अभी भी दूसरे हिस्से का काम चल रहा है। इससे अभी लोग नीमचौक, धानमंडी होकर गुजर रहे हैं। इससे धानमंडी क्षेत्र में भी ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इससे वहां भी जाम लग रहा है। चूंकि अभी दूसरे हिस्से का निर्माण शुरू ही हुआ है। इससे भी 20 दिन लगेंगे। यानी आने वाले दिनों में भी लोगों को परेशान होना तय है।

दै.भास्कर 31/12/21

# हर जिले में खुलेंगे कोविड केयर सेंटर

## कोरोना पर सीएम शिवराज चौहान ने ली बैठक, इंदौर को किया अलर्ट



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 30 दिसंबर. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना के बढ़ते केस और बच्चों के वैक्सीनेशन पर कलेक्टर-कमिश्नर की बैठक ले रहे हैं. उन्होंने इंदौर को सबसे ज्यादा सतर्क रहने के लिए कहा है, क्योंकि लोगों की आवाजाही वहां ज्यादा है.**

सीएम ने इंदौर कलेक्टर से कोरोना नियंत्रण को लेकर कहा कि टेस्टिंग कराने समेत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें. हमारा प्रयास है कि कोविड के मरीजों को कोविड केयर सेंटर में रखें. उन्हें अस्पताल ले जाने की आवश्यकता न पड़े. फीवर क्लीनिक एक्टिव कर दें, जिससे टेस्टिंग लोग आसानी से करा पाएं. सभी व्यवस्थाओं का रिव्यू कर लिया जाए, युद्धस्तर पर तैयारी करें. सीएम ने सभी से कहा कि हमें पूरी सर्तकता रखनी है, हमें अपनी तरफ से कोई कमी नहीं रहने देना है. क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों की बैठकें जिलों, ब्लॉकों व पंचायत स्तर तक करें. सारे कलेक्टर इसे गंभीरता से लें. 15-18 वर्ष के किशोरों को वैक्सीन लगाने का काम करना है. टीम के साथ मिलकर महाभियान की तरह इसे लें. हम सबसे पहले अपने बच्चों को सुरक्षित करें. तीन तारीख से इसे बड़े स्तर पर शुरू करना हैं. 2 तारीख को मैं क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों से बात करूंगा. सभी कलेक्टर्स को जो टारगेट दे रहे हैं उसे पूरा करें, मुझे सबकी रिपोर्ट दें कि क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठकें सभी ने कर ली हैं. नीचे तक के क्राइसिस ग्रुप से हम संपर्क में रहें.

### सीएम ने यह की बातें

- 2 को क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों करेंगे बात
- 15 से 18 के किशोरों का वैक्सीनेशन
- फ्रंट लाइन वर्कर और 60 प्लस को भी वैक्सीन
- युवाओं को आसानी से लोन मिले
- कलेक्टर से वन टू वन की चर्चा
- 8 को आंगनवाड़ी में मैं भी जाऊंगा, मंत्री, विधायक भी जाएं
- आज सोचें कि कितना कर पाए, कितनी कमी रह गई
- 16 को हम कलेक्टर-कमिश्नर बैठक करेंगे.

नवभारत

नवभारत 31/12/21

# अमृत सागर से जलकुंभी निकालने के कार्य का निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निरीक्षण

रतलाम । अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कर आवष्यक दिषा-निर्देष दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने तालाब से जलकुंभी निकालने के कार्य की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने निर्देषित किया कि निकाली गई जलकुंभी जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर ले जाने के बजाय सड़क के उस पर षासकीय



भूमि पर फेसिंग किया जाकर वहां डाला जाकर वेस्ट टू कम्पोस्ट का कार्य किया जाये जिससे अनावष्यक मेहनत व आर्थिक बचत होगी साथ ही जलकुंभी निकालने के कार्य में गति आयेगी।

त्रिवेणी के पावन तट पर नगर निगम द्वारा आयोजित किये जा रहे 11 दिवसीय त्रिवेणी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा निगम आयुक्त श्री झारिया ने उपायुक्त एवं मेलाधिकारी श्री विकास सोलंकी के साथ किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मेला परिसर क्षेत्र के समीप संत नगर में निजी भूमि पर लगी दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों का निर्देषित किया कि मेला षासकीय है इसलिये वे अपनी दुकाने निजी भूमि पर ना लगाते हुए मेला परिसर में अपनी दुकानें लगायें दुकाने लगाये जाने हेतु स्थल की कोई कमी नही है। त्रिवेणी मेले के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने मेले में 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था मंच, टेन्ट, बैठक व्यवस्था, प्रकाष, विद्युत सज्जा आदि व्यवस्थाऐं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देष दिये।

इसके अलावा उन्होने कहा कि यह मेला कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार जीरो वेस्ट की थीम पर आयोजित है इसलिये मेले में किसी प्रकार का कचरा एवं गंदगी ना दिखाई दें। दुकानदार व मेले में आने वाले नागरिक पॉलीथीन व डिस्पोजल का उपयोग ना करें इसकी सुनिष्चित्ता की जाये। उन्होने मेले में सफाई, प्रकाष, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाऐं नियमित रूप से करवाये जाने के निर्देष दिये।

इस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, ब्रजेष कुषवाह, मनीश तिवारी, केमिस्ट श्री नीरज षुक्ला, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेष मीणा आदि उपस्थित थे।

स्वतंत्र

31/12/21

# जलकुंभी निकालने के कार्य का आयुक्त द्वारा निरीक्षण



रतलाम ● अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किए जा रहे कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वदेश

## रतलाम शहर होगा सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त

रतलाम। शहर को सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त किये जाने हेतु रिलाईव ईको फाउन्डेशन व कामधेनू इण्डस्ट्रीज के सहयोग नगर के 32 पान व सिगरेट की दुकानों पर सिगरेट बड्स बीन लगाये गये।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रिलाईव ईको फाउन्डेषन व कामधेनू इण्डस्ट्रीज द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर के नारे को सार्थक करते हुए रतलाम नगर के पर्यावरण सुधार हेतु एक अनूठी पहल की है। धूम्रपान करने वाले लोग सिगरेट के बचे हुए हिस्से को सिगरेट बड्स बीन में डालेंगे तो इसका कचरा यहां-वहां नहीं फैलेगा व पर्यावरण दूषित नहीं होगा। बीन पर फाउण्डेशन का मोबाईल नम्बर दिया है। दुकानदार बीन भरने की सूचना इस नम्बर पर देने पर फाउण्डेषन की टीम द्वारा बीन को खाली किया जाकर बड्स को रिसाईकल के लिए भेजा जाएगा।

दबंग - 31/12/21

## शहर होगा सिगरेट बड्स कचरा मुक्त

रतलाम। शहर को सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त किये जाने हेतु रिलाईव ईको फाउन्डेशन व कामधेनू इण्डस्ट्रीज के सहयोग नगर के 32 पान व सिगरेट की दुकानों पर सिगरेट बड्स बीन लगाए गए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रिलाईव ईको फाउन्डेशन व कामधेनू इण्डस्ट्रीज द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर के नारे को सार्थक करते हुए रतलाम नगर के पर्यावरण सुधार हेतु एक अनूठी पहल की है। धूम्रपान करने वाले लोग सिगरेट के बचे हुए हिस्से को सिगरेट बड्स बीन में डालेंगे तो इसका कचरा यहां-वहां नहीं फैलेगा व पर्यावरण दूषित नहीं होगा। बीन पर फाउण्डेशन का मोबाईल नम्बर दिया गया है दुकानदार बीन भरने की सूचना इस मोबाईल नम्बर पर देने पर फाउण्डेशन की टीम द्वारा बीन को खाली किया जाकर बड्स को रिसाईकल हेतु भेजा जायेगा। फाउन्डेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि बीन पर फाउण्डेशन का मोबाईल नम्बर दिया गया है दुकानदार बीन भरने की सूचना इस मोबाईल नम्बर पर देने पर फाउण्डेशन की टीम द्वारा बीन को खाली किया जाकर बड्स को रिसाईकल हेतु भेजा जायेगा।

### 32 दुकानों पर लगाए बीन

फाउण्डेशन के दर्शन अरोड़ा ने बताया की वर्तमान में 32 दुकानों पर बीन लगाये गये है इसकी सफलता को देखते हुए शहर की सभी पान व सिगरेट की दुकानों पर बीन लगाये जायेंगे।

नवभारत 31/12/21

## रतलाम होगा सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर को सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त किए जाने हेतु रिलाईव ईको फाउणडेशन व कामधेनु इण्डस्ट्रीज के सहयोग से नगर के 32 पान व सिगरेट की दुकानों पर सिगरेट बड्सबिन लगाए गए। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रिलाईव ईको फाउण्डेशन व कामधेनु इण्डस्ट्रीज द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर के नारे को सार्थक करते हुए रतलाम नगर के पर्यावरण सुधार हेतु एक अनूठी पहल की है। धूम्रपान करने वाले लोग सिगरेट के बचे हुए हिस्से को सिगरेट बड्सबिन में डालेंगे तो इसका कचरा यहां-वहां नहीं फैलेगा व पर्यावरण दूषित नहीं होगा। बड्सबिन पर फाउण्डेशन का मोबाइल नम्बर दिया गया है। दुकानदार बड्सबिन भरने की सूचना इस मोबाइल नम्बर पर देने पर फाउण्डेशन की टीम द्वारा बड्सबिन को खाली किया जाकर रिसाईकल हेतु भेजा जाएगा।

फाउण्डेशन के दर्शन अरोड़ा ने बताया कि वर्तमान में 32 दुकानों पर बड्सबिन लगाए गए हैं इसकी सफलता को देखते हुए शहर की सभी पान व सिगरेट की दुकानों पर लगाए जाएंगे।

स्वदेश 31/12/21

# हर जिले में बनेगा कोविड केयर सेंटर

## कोरोना ● सीएम ने दिए आपदा प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने के निर्देश

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखकर सरकार ने अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की समीक्षा करते हुए गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रत्येक जिले में एक कोविड केयर सेंटर शुरू करने, सभी मंत्रियों को आक्सीजन प्लांटों का निरीक्षण करने और जिले से ग्राम पंचायत तक आपदा प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी संभागायुक्त और सभी जिलों के कलेक्टर वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जांच लें कि सरकारी और निजी अस्पतालों में कितने बिस्तर हैं। उन्होंने कलेक्टर और संभागायुक्तों को कोरोना सैंपल की जांच सहित सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें कोई बहाना नहीं चलेगा क्योंकि काम हमें ही करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराज्यीय आवागमन वाले स्थानों पर जांच की पर्याप्त व्यवस्था करें। कोरोनावायरस के डेल्टा वैरियंट की तरह ओमिक्रोन वैरिएंट खतरनाक नहीं है, फिर भी सावधानी जरूरी है। तीनजनवरी,2022 से 15 से 18 वर्ष तक के किशोर-किशोरियों का टीकाकरण शुरू हो रहा है। इसे अभियान की तरह संचालित करें। जिलों के प्रभारी मंत्री इसका शुभारंभ करेंगे। दो जनवरी को मैं आपदा प्रबंधन समितियों के सदस्यों से बात करूंगा। इससे पहले सभी समितियों की बैठक कर लें। मुख्यमंत्री ने भीड़ पर नियंत्रण करने, शारीरिक दूरी और मास्क का नियम पालन कराने के लिए रोको-टोको अभियान जारी रखने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में एक कोविड केयर सेंटर शुरू करने के साथ ही आवश्यक होने पर विकास खंड और ग्राम पंचायतों में भी शुरू किए जाएं। अभी संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान (कान्टेक्ट ट्रेसिंग) हमारे हाथ में है। उसमें लापरवाही नहीं करनी है।

### इंदौर के कलेक्टर को सबसे ज्यादा सतर्क रहने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इंदौर कलेक्टर मनीष सिंह को सबसे ज्यादा सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस शहर से लोगों की आवाजाही ज्यादा है। फीवर क्लीनिक संचालित कीजिए ताकि जांच आसान हो जाए। मरीजों को कोविड केयर सेंटर में रखें। उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत न पड़े। सभी व्यवस्थाओं को देख लें और युद्धस्तर पर तैयारी करें।



### अध्ययन में बच्चों व किशोरों पर पूर्ण सुरक्षित मिली कोवैक्सीन

हैदराबाद (एजेंसी)। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (बीबीआइएल) ने गुरुवार को घोषणा की कि दूसरे और तीसरे चरण के अध्ययन में उसकी कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन दो से 18 वर्ष आयुवर्ग में सुरक्षित, अच्छी तरह सहन करने योग्य और इम्युनिटी बढ़ाने वाली मिली है। भारत बायोटेक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्णा इल्ला ने कहा कि बच्चों और किशोरों पर कोवैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल के डाटा बेहद उत्साहजनक है।

# प्रदेश में 72 नए संक्रमित मरीज मिले

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगा है। प्रदेश में बुधवार को कोरोना के 72 नए मरीज मिले। इनमें से 55 मरीज तो इंदौर के ही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार बुधवार को प्रदेश में 61,621 सैंपलों की जांच की गई। इनमें 72 की रिपोर्ट पाजिटिव आई। नए संक्रमितों में भोपाल के सात मरीज शामिल हैं। जबलपुर में तीन नए मरीज मिले हैं।

**360** तक पहुंचा सक्रिय मरीजों का आंकड़ा

**211** सक्रिय मरीज इंदौर में, जो प्रदेश में सबसे अधिक



### संक्रमण की गंभीरता कम

हेल्थ बुलेटिन के अनुसार बुधवार को 19 मरीज कोरोना संक्रमण से उबरने में कामयाब भी रहे। हालांकि नए मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि स्वस्थ होने वाले कम हैं। इस कारण सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़ रही है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 360 तक पहुंच गया है, जो जुलाई के पहले हफ्ते के बाद सर्वाधिक है। इनमें 88 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। अच्छी बात यह है कि इनमें से केवल तीन मरीज ही आइसीयू/एचडीयू में भर्ती हैं।

# देश में कोरोना की तीसरी लहर की आहट

**नीलू रंजन ● नई दिल्ली**

कुछ ही दिनों में कोरोना के मामलों में दोगुनी बढ़ोतरी से देश में तीसरी लहर की आशंका गहरा गई है। नीति आयोग के सदस्य डाक्टर वीके पाल ने जिनोम सिक्वेंसिंग की सीमाओं को रेखांकित करते हुए माना कि भारत में बढ़ते मामलों के पीछे ओमिक्रोन वैरिएंट प्रमुख वजह हो सकती है। वहीं आइसीएमआर के महानिदेशक डाक्टर बलराम भार्गव ने टीकाकरण अभियान और दूसरी लहर के दौरान बड़े पैमाने पर फैले संक्रमण का हवाला देते हुए भारत में तीसरी लहर के कम घातक होने की उम्मीद जताई। अब तक विश्व में जो आंकड़े आ रहे हैं, उसके अनुसार ओमिक्रोन के तेजी से बढ़ते संक्रमण के बावजूद मौत की संख्या लगभग स्थिर बनी हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने पिछले कुछ दिनों में दुनिया और भारत में कोरोना संक्रमण के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि फिलहाल भले ही डेल्टा वैरिएंट के मामले अधिक संख्या में आ रहे हों, लेकिन कई देशों में ओमिक्रोन वैरिएंट धीरे-धीरे डेल्टा पर हावी हो रहा है। इस सिलसिले में उन्होंने एक दिन में अमेरिका में पांच लाख 12 हजार, ब्रिटेन में तीन लाख 19 हजार और फ्रांस में दो लाख नए मामलों का हवाला देते हुए इसे कोरोना संक्रमण का अब तक सबसे बड़ा रिकार्ड बताया। 29 दिसंबर को पूरी दुनिया में कोरोना के 17 लाख 17 हजार से अधिक मामले सामने आए। नई.

नईदुनिया 31/12/21

# जलकुंभी निकालने के कार्य का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

रतलाम। अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने तालाब से जलकुंभी निकालने के कार्य की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि निकाली गई जलकुंभी जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर ले जाने के बजाय सड़क के उस पर शासकीय भूमि पर फेसिंग किया जाकर वहां डाला जाकर वेस्ट टू कम्पोस्ट का कार्य किया जाये जिससे अनावश्यक मेहनत व आर्थिक बचत होगी साथ ही जलकुंभी निकालने के कार्य में गति आयेगी। वहीं त्रिवेणी मेला परिसर का निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां निजी भूमि पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को मेला क्षेत्र में दुकान लगाने के दिये निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को देखा और कोविड नियमों का पालन कराने संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

नवभारत ३१/१२/२१

# त्रिवेणी मेला : शहर के साथ ही पहुंच रहे आसपास के गांवों के लोग



रतलाम | त्रिवेणी के पावन तट पर महारुद्र यज्ञ चल रहा है। इस उपलक्ष्य में 11 दिनी मेला चल रहा है। यहां झूले, चकरी के साथ 300 से ज्यादा छोटी बड़ी दुकानें लगी हैं। सुबह से रात 11 बजे तक चल रहे मेले में शहर के साथ आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

## त्रिवेणी मेले में आज भजन संध्या, कल कवि सम्मेलन

रतलाम | त्रिवेणी मेला में 31 दिसंबर को शाम 6 बजे भजन संध्या होगी। पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा प्रस्तुति देंगे। 1 जनवरी को कवि सम्मेलन होगा। सफर जौनपुरी, नागपुर, दिनेश सिंदल, जोधपुर, अशोक नागर, शाजापुर, धीरज शर्मा नालछा व निसार पठान मेघनगर कविता की प्रस्तुति देंगे। 2 जनवरी को आदिवासी लोक नृत्य होगा। यह शशांक तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 3 जनवरी को मेले के अंतिम दिन श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज की कथा होगी। गौरतलब है कि मेला 24 दिसंबर से शुरू हुआ है।

दै.भास्कर 31/12/21

# त्रिवेणी मेले में आज होगी भजन संध्या

रतलाम । नगर निगम द्वारा आयोजित त्रिवेणी मेले में रात्रि में नागरिकों के मनोरंज हेतु 31 दिसम्बर 2021 से 3 जनवरी 2022 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये है जिसके तहत शुक्रवार को सांय 6 बजे से पं. गोपल कृष्ण शर्मा की भजन संध्या का आयोजन किया गया है। वहीं शनिवार को कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। रविवार को आदिवासी लोक नृत्य (शशांक तिवारी द्वारा) व मेले के

## शनिवार को होगा कवि सम्मेलन

शनिवार को कवि सम्मेलन होगा। इसमें सफर जौनपुरी-नागपुर, दिनेश सिंदल-जोधपुर, अशोक नागर-शाजापुर, धीरज शर्मा-नालछा व निसार पठान-मेघनगर है।

अंतिम दिन सोमवार को श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज की कथा का आयोजन किया गया है।

# त्रिवेणी मेले में आज होगी पडित गोपाल कृष्ण शर्मा की भजन संध्या

रतलाम। नगर निगम द्वारा आयोजित त्रिवेणी मेले में रात्रि में नागरिकों के मनोरंज हेतु 31 दिसम्बर से 03 जनवरी 2022 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये है जिसके तहत 31 दिसम्बर शुक्रवार को सांय 6 बजे से पडित गोपल कृष्ण शर्मा की भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में 01 जनवरी 2022 शनिवार को कवि सम्मेलन आमंत्रित कवि है सफर जौनपुरी-नागपुर, दिनेश सिंदल-जोधपुर, अशोक नागर-शाजापुर, धीरज शर्मा-नालछा व निसार पठान-मेघनगर है। 2 जनवरी 2022 को आदिवासी लोक नृत्य (शशांक तिवारी द्वारा) व मेले के अंतिम दिन 3 जनवरी 2022 को श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज की कथा का आयोजन किया गया है। मेले में वे ही नागरिक आये जिन्होंने कोरोना के दोनो टीके लगवाये है साथ ही अनिवार्य रूप से मास्क लगायें व सोश्यल डिस्टेंसिंग का

# ज्वलनशील पदार्थो के छह गोडाउन मालिकों ने अपने गोडाउन स्वयं हटाए

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

ज्वलनशील पदार्थों के 6 गोडाउन मालिकों ने अपने गोडाउन स्वयं हटा लिए है। शहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस हेतु कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस दिए गए। जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह पर 2, नाहरपुरा में 1 श्रीमालीवास में 1 व मोमिनपुरा में 2 ज्वलनशील गोडाउन का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान समय में कलेक्टर द्वारा ज्वलनशील पदार्थों के भण्डारण पर धारा 144 लागू की गई है। नगर निगम के द्वारा 6 माह पूर्व ज्वलनशील पदार्थों का भण्डारण करने वाले व्यापारियों को अपने गोडाउन शहर से हटाने का नोटिस जारी किये गये थे। ऐसे व्यापारी जिन्होंने नोटिस जारी होने के बाद भी ज्वलनशील पदार्थ कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य मानव जीवन के लिये हानिकारक खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन नहीं हटाये हैं शहर से तत्काल अपने गोडाउन हटा लें अन्यथा नगर निगम एक्ट के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत हटाया जाएगा।

दबंग दुनिया 31/12/21

## 72 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया


**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 72 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 24070, ट्रैक्टर-ट्राली से 19890, काम्पेक्टर सूखा कचरा 13865, काम्पेक्टर गीला कचरा 14400 कुल 72225 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## त्रिवेणी मेले में आज भजन संध्या

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा आयोजित त्रिवेणी मेले में रात्रि में नागरिकों के मनोरंजन के लिए 31 दिसंबर से तीन जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार शाम छह बजे से पं. गोपल कृष्ण शर्मा की भजन संध्या होगी। एक जनवरी को कवि सम्मेलन में सफर जौनपुरी नागपुर, दिनेश सिंदल जोधपुर, अशोक नागर शाजापुर, धीरज शर्मा नालछा व निसार पठान मेघनगर रचना पाठ कर श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। दो जनवरी को आदिवासी लोक नृत्य शशांक तिवारी द्वारा व मेले के अंतिम दिन तीन जनवरी को श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज की कथा का आयोजन होगा।

## मास्क नहीं लगाने वाले 20 लोगों से जुर्माना वसूला

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर पवन गारमेंट माणक चौक से 500, ठाकुरदास, लक्ष्मी माणक चौक से 200-200, तपन माणक चौक से 150, जयभारत किराना स्टोर, संजय माणक चौक से



100-100, लखन, कमरुद्दीन, दिनेश माणक चौक, अनोखी सैलाना बस स्टैंड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा शहर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 20 व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया 31/12/21

## रात्रिकालिन सफाई के 7 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्र स्टेशन रोड, दो बत्ती, लोकेन्द्र भवन रोड, पावर हाउस रोड, कोर्ट तिराहा आदि क्षेत्रों के रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किए जाने पर 7 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। मंगलवार को रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान दौलत-राजू, प्रशांत ओसान, धनराज-बसंत, नरेन्द्र-विजय, आकाश-मुकेश, शेखर-सोहन व अजय-बसंत द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर नोटिस जारी किया गया हैं।

नवभारत

नवभारत 31/12/21

## 7 सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम ● शहर के व्यावसायिक क्षेत्र स्टेशन रोड, दो बत्ती, लोकेन्द्र भवन रोड, पावर हाउस रोड, कोर्ट तिराहा आदि क्षेत्रों के रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किये जाने पर 7 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। स्वदेश

स्वदेश 31/12/21

## गंदगी करने पर 11, मास्क नहीं लगाने वाले 46 पर जुर्माना

रतलाम। निगम स्पॉट फाईन दल ने गुरूवार को गंदगी व अतिक्रमण का 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। पवन गारमेंट माणक चौक पर 500, ठाकुरदास, लक्ष्मी माणक चौक पर 200-200, तपन माणक चौक पर 150, जयभारत किराना स्टोर, संजय माणक चौक पर 100-100, लखन, कमरूद्दीन, दिनेश माणक चौक, अनोखी सैलाना बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 20 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

नवभारत

नवभारत 31/12/21



# कलाईगर सड़क निर्माण के चलते आमजन परेशान

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर के व्यस्त मार्ग घास बाजार से संत रविदास चौक को ननि के श्रेष्ठ इंजीनियरों व जिम्मेदार अधिकारियों ने कलाईगर रोड पर अवरोध कर रखा है। लगभग 40-50 फीट लम्बी व तीन से चार फीट चौड़ी नाली का निर्माण 14 दिसंबर को किया गया जो आज तक पक्की रोड नहीं बनी। रोड के दोनों किनारे से सैकड़ों दो और चार पहिया वाहन निकल रहे हैं। कब तक आमजन कष्ट भोगेगा, कोई जिम्मेदार बताएगा? अगर दो दिन में यह मलवा नहीं हटा तो आमजन की ओर से मुख्यमंत्री को संबंधित अधिकारी का विरोध दर्ज कराया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी जितेन्द्र राव ने दी। स्वदेश

स्वदेश 31/12/21

**मॉनिटरिंग शुरू** • एक दिन में 25 कुत्तों की नसबंदी, 1 जनवरी से 35 कुत्तों की रोज होगी, संस्था ने काम शुरू किय

# कुत्तों की नसबंदी शुरू, 6 माह में दिखने लगेगा असर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में कुत्तों की नसबंदी शुरू हो गई है। सीधे तौर पर असर तत्काल आपको नहीं दिखेगा, डॉक्टरों का दावा है कि 6 महीने बाद असर दिखना शुरू हो जाएगा। एक दिन में 25 कुत्तों की नसबंदी की जा रही है, 1 जनवरी से रोज 35 कुत्तों की नसबंदी होने लगेगी।

कुत्तों की नसबंदी का प्रोजेक्ट हमारे शहर में लंबे समय से चल रहा है, अब तक नसबंदी शुरू नहीं हो रही थी। यह प्रोजेक्ट शुरू हो गया है। जयपुर की संतुलन जीव कल्याण संस्था कुत्तों की नसबंदी कर रही है। जुलवानिया में बने नसबंदी केंद्र में 8 लोग इस काम में लगे हैं। अभी वार्डवार कुत्तों को नसबंदी केंद्र तक लाया जा रहा है। रोज सुबह 5 बजे हर वार्ड से 25 कुत्तों को पकड़कर केंद्र पर ला रहे हैं। जहां डॉक्टर उनकी नसबंदी कर रहे हैं।

### डॉग बाइट में प्रदेश में दूसरे नंबर पर रतलाम

हमारे शहर की बड़ी समस्या डॉग बाइट की है। इस मामले में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। इधर, सेंटर छोटा होने से एक दिन में 35 से ज्यादा कुत्तों को नहीं ला पाएंगे। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में 31 लाख रुपए की लागत से हॉस्पिटल का निर्माण किया है। सेंटर में 12 कैबिन बनाए हैं, अभी 8 कैबिन में कुत्ते रखे हैं। 3 कैबिन को खाली रखा है। एक कुत्ते को कम से कम तीन दिन तक सेंटर में रहना होगा। पहले चरण में 5 हजार कुत्तों की नसबंदी का टेंडर किया है।

### बनाई मॉनिटरिंग कमेटी

कुत्तों की नसबंदी के लिए मॉनिटरिंग कमेटी बनी है। यह काम एचसीएफएसए संस्था के सदस्य कर रहे हैं। संस्था सचिव पल्लवी टाक ने बताया रतलाम में टीम बनी है इसमें जिलाध्यक्ष आशा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सरोज गुप्ता, अर्पित उपाध्याय सहित अन्य शामिल है। बेजुबान पर अत्याचार ना हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। अभियान में संस्था ने सहमति दी है।

### ऐसे हो रही नसबंदी

- शहर में वार्ड वार कुत्तों को ले जुलवानिया में बने अस्पताल लाया जा रहा।
- कुत्तों को एक कैबिन में रख
- कुत्तों की सर्जरी हो रही।
- सर्जरी के बाद कुत्तों को तीन तक निगरानी और दवा दे रहे
- पूरी तरह रिकवर हो चुके कु को दोबारा छोड़ रहे।

*कुत्तों की नसबंदी शुरू हो चुकी है। 25 कुत्ते रोज आ रहे हैं, 1 जनवरी से 35 की व एक कुत्ते को 3 दिन सेंटर में रखा जाएगा। रिकवर होने के बाद ही छोड़ेंगे। 6 महीने में असर दिखने लग जाएगा।* **डॉ. धीरज मेहरा,** पशु चिकित्सक, संतुलन जीव कल्याण संस्था

दै. भास्कर 31/12/१

## ओमिक्रॉन पर अब हाईअलर्ट

# कोरोना को गंभीरता से लें, कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे: शिवराज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में बढ़ते कोरोना के केस और ओमिक्रॉन के खतरे ने सरकार को हाईअलर्ट पर ला दिया है। दरअसल, गुरुवार को कोरोना के 72 नए मामले मिले हैं। इसके चलते सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पचमढ़ी से लौटते ही गुरुवार को वर्चुअल कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस बुला ली। प्रदेशभर के कलेक्टर, कमिश्नर और एसपी से कोरोना और वैक्सीनेशन को गंभीरता से लेने कहा। उन्होंने कहा, लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इधर, इंदौर वैक्सीनेशन का अपना शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है।

राज्य मंत्रालय में शिवराज ने कहा, खास तौर पर इंदौर को लेकर बेहद सतर्कता की जरूरत है, क्योंकि वहां सबसे ज्यादा आवाजाही है। यहां नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की रोकथाम पर ध्यान दिया जाए। इंदौर में इसके 9 केस मिले थे। राहत की बात यह है कि अभी इसकी संख्या नहीं बढ़ी है। हमारा प्रयास है कि कोरोना के मरीजों को कोविड केयर सेंटर में रखें। उन्हें अस्पताल ले जाने की आवश्यकता न पड़े। फीवर क्लीनिक एक्टिव कर दें, जिससे लोग टेस्टिंग आसानी से करा पाएं। युद्धस्तर पर तैयारी करें। क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटियों की बैठक जिलों, ब्लॉकों व पंचायतों की करें।



### टीनएजर्स वैक्सीनेशन


## 3 जनवरी को मंत्री करेंगे शुभारंभ

शिवराज ने कहा कि 15 से 18 साल के बच्चों को वैक्सीन लगाने के लिए महाअभियान चलेगा। इसका 3 जनवरी को प्रभारी मंत्री शुभारंभ करें। विभिन्न समाज के प्रमुखों को भी जोड़ें। 2 जनवरी को क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटियों के साथ बैठक होगी। सभी कलेक्टर्स को जो टारगेट दे रहे हैं, उसे पूरा करें। 60 साल से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्ग और फ्रंट लाइन वर्कर्स के वैक्सीनेशन को भी प्राथमिकता से लें।

**मंत्री मैदान में उतरें:** शिवराज ने कहा कि मंत्री कोरोना रोकथाम व वैक्सीनेशन के लिए मैदान में उतरें। हर मंत्री ऑक्सीजन प्लांट चेक कर लें।

पत्रिका

पत्रिका 31/12/21



# कबाड़ व्यवसायियों ने हटाया अपना कबाड़

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

- नोटिस के बाद भी कबाड़ा नहीं हटाने पर नगर निगम हटायेगा कबाड़
- 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से संबंधित से वसूल होगी राशि
- ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ के व्यापारी हर से अपने गोडाउन तत्काल हटा लें

शहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविश्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने की कार्यवाही कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 18 कबाड़ सेंटरो को खाली कराये जाने हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किये गये जाने के तहत आधे से अधिक कबाड़ व्यवसायियों ने अपने कबाड़ को हटा लिया है शेष बचे कबाड़ सेंटरो से नगर निगम द्वारा कबाड़ हटाया जाकर संबंधित से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से राशि वसूली जायेगी।

नगर निगम द्वारा खिरियाखेड़ी नाले के पास 4, बीएसएनएल स्टोर खिरियाखेड़ी 2, सुभाष नगर ब्रीज के पास 3, हाट रोड विनोबा स्कूल के गेट के सामने 2, मोमिनपुरा कसाई मण्डी में 3, नाहरपुरा में 1, जावरा रोड क्षेत्र में 2 व दिलीप नगर मे 1 कबाड़ सेंटर को कबाड़ हटाने हेतु नोटिस जारी किया गया था जिसके तहत आधे से अधिक कबाड़ व्यवसायियों द्वारा हटा लिया गया है ऐसे शेष बचे कबाड़ व्यवसायी जो अपना कबाड़ा नहीं हटायेगा उसे नगर निगम द्वारा हटाया जाकर 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से संबंधित से राशि वसूल की जायेगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान समय में कलेक्टर द्वारा ज्वलनशील पदार्थो के भण्डारण पर धारा 144 लागू की गई है। नगर निगम के द्वारा 6 माह पूर्व ज्वलनशील पदार्थो का भण्डारण करने वाले व्यापारियों को अपने गोडाउन शहर से हटाने का नोटिस जारी किये गये थे। ऐसे व्यापारी जिन्होने नोटिस जारी होने के बाद भी ज्वलनशील पदार्थ कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य मानव जीवन के लिये हानिकारक खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन नहीं हटायें हैं वे शहर से तत्काल अपने गोडाउन हटा लें अन्यथा नगर निगम एक्ट के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत हटाया जाकर संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रसारण

प्रसारण 3/12/21

# नोटिस के बाद ज्वलनशील पदार्थों के 6 गोदाम मालिकों ने स्वयं हटाए

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, तथा प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने की कार्यवाही कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार की जा रही है जिसके तहत जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह पर 2, नाहरपुरा में 1 श्रीमालीवास में 1 व मोमिनपुरा में 2 ज्वलनशील गोडाउन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम द्वारा दिये गये नोटिस के तहत गोडाउन मालिकों द्वारा अपने गोडाउन स्वंय हटा लिये।

नाहर पुरा क्षेत्र में गोडाउन मालिक प्रभुलाल-पन्नालाल द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 10,000/- व जावरा रोड पहलवान बाबा की दरहगाह के सामने गोडाउन मालिक खुर्शीद अनवर मंसूरी-एहमद नूर मंसूरी द्वारा कचरा एवं गंदगी किये जाने पर 5000 का जुर्माना किया गया। स्वदेश।

स्वदेश 31/12/21

## कबाड़ व्यवसायियों ने हटाया अपना कबाड़



रतलाम. शहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए शहर से कबाड़ा व ज्वलनशील प्रदार्थ हटाने का अभियान चल रहा है। गुरुवार तक 18 को नोटिस जारी किए गए, इनमे से 9 ने कबाड़ा हटा लिया है। जिन्होंने नहीं हटाया है, उनको शुक्रवार तक का समय दिया गया है, शनिवार तक नहीं हटने पर नगर निगम हटाएगा व 15 हजार रुपए प्रतिघंटे का दंड लगाएगा। शहर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाने के नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर कार्यवाही की जा रही है। 18 कबाड़ सेंटरो को खाली कराये जाने हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किये व अब तक 9 कबाड़ा व्यवसायियों ने अपने कबाड़ को हटा लिया है। पत्रिका।

पत्रिका 31/12/21

## कबाड़ गोदाम संचालकों ने कार्रवाई के डर से गोदाम शिफ्ट करना किए शुरू

रतलाम | नगर निगम ने शहर के 18 कबाड़ गोदाम संचालकों को नोटिस जारी किए थे। उन्हें अपना कारोबार शहर से बाहर शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे। जिन्हें नोटिस जारी किए थे विरियाखेड़ी नाले के पास 4, बीएसएनएल स्टोर विरियाखेड़ी 2, सुभाष नगर ब्रिज के पास 3, हाट रोड विनोबा स्कूल के गेट के सामने 2, मोमिनपुरा कसाई मंडी में 3, नाहरपुरा में 1, जावरा रोड क्षेत्र में 2 व दिलीप नगर मे 1 कबाड़ गोदाम को नोटिस जारी किए थे। नोटिस के बाद आधे से ज्यादा कबाड़ व्यवसायियों ने कबाड़ हटाना शुरू कर दिए हैं। भास्कर

दै. भास्कर 31/12/21

# ज्वलनशील पदार्थो के 6 गोडाउन मालिकों ने अपने गोडाउन स्वंय हटाये

## कचरा एवं गंदगी करने पर 2 गोडाउन मालिकों पर किया जुर्माना

रतलाम । रतलाम षहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविश्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने की कार्यवाही कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार की जा रही है जिसके तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व एसडीएम श्री अभिशेक गेहलोत जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह पर 2, नाहरपुरा में 1 श्रीमालीवास में 1 व मौमिनपुरा में 2 ज्वलनषील गोडाउन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम द्वारा दिये गये नोटिस के तहत गोडाउन मालिकों द्वारा अपने गोडाउन स्वंय हटा लिये।

नाहर पुरा क्षेत्र में गोडाउन मालिक प्रभुलाल-पन्नालाल द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 10,000/- व जावरा रोड पहलवान बाबा की दरहगाह के सामने गोडाउन मालिक खुर्षीद अनवर मंसूरी-एहमद नूर मंसूरी द्वारा कचरा एवं गंदगी किये जाने पर 5000 का जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान समय में कलेक्टर महोदय द्वारा ज्वलनषील पदार्थों के भण्डारण पर धारा 144 लागू की गई है। नगर निगम के द्वारा 6 माह पूर्व ज्वलनषील पदार्थो का भण्डारण करने वाले व्यापारियों को अपने गोडाउन षहर से हटाने का नोटिस जारी किये गये थे। ऐसे व्यापारी जिन्होने नोटिस जारी होने के बाद भी ज्वलनषील पदार्थ कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य मानव जीवन के लिये हानिकारक खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन नहीं हटायें हैं वे षहर से तत्काल अपने गोडाउन हटा लें अन्यथा नगर निगम एक्ट के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत हटाया जाकर संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम 31/12/21